Rajkiya Engineering College, Kannauj
राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
Aher, Tirwa Road, Kannauj, Uttar Pradesh
An AICTE approved Government Engineering College Vide Letter Approval No F.No. Northern/2018/1-3725944831
Dated 30-April-2018, affiliated to Dr. APJ AKTU, Lucknow

प्रेस विज्ञप्ति

आज दिनांक 13.07.2023 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में मा0 श्री आशीष पटेल, प्रविधिक शिक्षा मंत्री उ0प्र0 सरकार ने छात्रों के साथ किया संवाद।

मा0 श्री आशीष पटेल, प्रविधिक शिक्षा मंत्री उ0प्र0 सरकार का आज दिनांक 13.07.2023 को राजकीय इंजीनियरिंग कालेज, कन्नौज में मुख्य अतिथि के रूप में आगमन हुआ। संस्थान द्वारा मा0 मंत्री जी एवं अन्य गणमान्य व्यक्यिों का स्वागत किया गया। **निदेशक महोदया प्रो0 रचना अस्थाना**, द्वारा मा0 मंत्री जी को माँ सरस्वती जी को माल्यापण करने एवं दीप प्रज्वलित करने के लिए आमन्त्रित किया गया। इसके बाद छात्र–छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना की गई। संस्थान की निदेशक महोदया प्रो0 रचना अस्थाना, द्वारा मुख्य अतिथि मा0 मंत्री जी को को पुष्पगुच्छ एवं अंग वस्त्र भेंट देकर सम्मानित करते हुये स्वागत किया गया। कुलसचिव डा० बी०डी०के० पात्रो द्वारा कालेज की प्रगति रिपोर्ट को प्रस्तुत किया गया। डा० छाया सिंह द्वारा प्रोफाइल को पढ़ना एवं मुख्य अतिथि मा० मंत्री जी को संबोधन के लिये आमन्त्रित किया गया। मा० मंत्री जी द्वारा संबोधन के उपरान्त छात्र–छात्राओं से संवाद किया जिसमे उन्होंने छात्र–छात्राओं की समस्याओं को सुना एवं उनके हल के बारे में बताया। मा० मंत्री जी के द्वारा बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करके विश्व में नाम रोशन करने एवं देश हित में सर्वोच्च योगदान देने के लिए प्रेरित करने के साथ साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अधिष्ठाता (शैक्षिक) डा० अरूण कुमार सिंह एवं डा0 छाया सिंह द्वारा कार्यक्रम के सम्पन्न होने के पश्चात् मा० मंत्री जी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। मा० मंत्री जी के द्वारा सभी शिक्षक गण के साथ भी संवाद किया गया जिसमें उन्होंने शिक्षको को बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में चर्चा की गई। अंत में मा० मंत्री जी द्वारा राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कैंपस में पौधारोपण कर सभी संकाय एवं विद्यार्थियों को कम से कम एक पौधा रोपण करने को प्रोत्साहित किया।

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज

निदेशक
मुख्य अतिथि

राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, कन्नौज
छात्र संवाद एवं समीक्षा बैठक
(13 जुलाई 2023)
श्री आशीष पटेल
प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले, उ.प्र.
कुलसचिव
निदेशक
मुख्य अतिथि
अधिष्ठाता शैक्षिक

राजकीय इन्जीनियरिंग कॉलेज
कन्नौज
Rajkiya Engineering College-Kannauj (U.P.) India
॥ विद्या ॥ ददाति ॥ विनयम् ॥

श्री आशीष पटेल
मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा
उ0प्र0 सरकार

श्री आशीष पटेल
मा0 मंत्री प्राविधिक शिक्षा
उ0प्र0 सरकार

(मीडिया प्रभारी)
राजकीय इंजीनियरिंग कालेज,
कन्नौज